हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 19 मार्च 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 18.2 डिग्री

4
विभिन्न योजनाओं की कलेक्टर ने की समीक्षा समय पर काम पूरा करने के दिए निर्देश



## खबर संक्षेप

### मिलेट्स के पोषण गुणों से विद्यार्थी हुए रूबरू

**सूरजपुर।** रूसा के तत्वावधान में शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय में श्री अन्न फूड फेस्टिवल का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एसपी त्रिपाठी रहे। फेस्टिवल के अंतर्गत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मिलेट्स उत्पादों एवं मिलेट्स से निर्मित विविध खाद्य पदार्थों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई। मुख्य अतिथि डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि वे स्वयं अपने दैनिक जीवन में मिलेट्स का नियमित उपयोग करते हैं और आंध्रप्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के किसानों से मिलकर इसके व्यापक प्रचार-प्रसार में सक्रिय रूप से जुटे हैं। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के दुष्प्रभाव से बचने के लिए मिलेट्स का उपयोग अत्यंत आवश्यक है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर अनेक बीमारियों से रक्षा करता है। शासकीय राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय के कृषि विभाग के डीन डॉ. एसके सिन्हा ने मिलेट्स की कृषि परंपरा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मिलेट्स लगभग 7 हजार वर्ष पुरानी कृषि परंपरा का अभिन्न हिस्सा है।

### हत्या के बाद शव को फेंका डबरी में, चार गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** शादी समारोह में शामिल होने आए युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आपसी विवाद में आरोपी ने पहले युवक की हत्या की और फिर अपने साले के साथ मिलकर युवक के शव को डबरी में फेंक दिया। इतना ही नहीं अपने बेटे के अपराध को छिपाने और साक्ष्य छिपाने के लिए आरोपी के माता-पिता ने घर में गिरे खून को साफ करने के साथ ही गोबर से लिपाई कर दी। बता दें कि उदयपुर विकासखंड के हनुमानगढ़ निवासी शीतल कुमार का शव 16 मार्च को थाना क्षेत्र के पोतका में एक डबरी में मिला था। इस मामले में मृतक के भाई मनोज कुमार ने पुलिस को घटना की सूचना दी थी। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई थी कि मृतक शीतल कुमार 15 मार्च को अपने दोस्त टेकराम के साथ बाइक से पोतका निवासी दिनेश कुमार के घर शादी कार्यक्रम में आया हुआ था और उसके बाद वह वापस नहीं लौटा। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पंचनामा व पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही जांच शुरू कर दी थी।

### गिरने से गंभीर वृद्धा की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** प्रेम नगर अंतर्गत ग्राम नमना निवासी विद्रा बाई पति स्व. अमर लाल (60 वर्ष) 16 मार्च की शाम परिवार वालो के साथ घर के परछी में भोजन बना रही थी। इसी दौरान वृद्धा बाहर से आने की बात कहकर निकली और जैसे ही घर से कूछ दूर पहुंची तभी अचानक गिर गई जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम बरगवां कोल्हाचुआ निवासी सोनामनि टोप्पो पति आनंद टोप्पो (43 वर्ष) 11 मार्च को जब पति मवेशी चराने गया था तो वह घर में अकेली थी। इसी दौरान महिला ने शराब पीने के पश्चात अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। शाम को पति मवेशी चराकर वापस लौटा तो देखा पत्नी खाट के नीचे सो रही थी। पत्नी के मुंह से झाग निकले तथा कीटनाशक की गंध आने पर पति ने उसे निजी वाहन से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान सुबह मौत हो गई।

## मातृ शिशु मृत्यु दर रोकने संस्थागत प्रसव को दें बढ़ावा

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को गंभीर कुपोषित बच्चों को एनआरसी लाने पर मिलेगी प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, कुपोषण मुक्ति, संस्थागत प्रसव, आयुष्मान कार्ड सैचुरेशन, जिले के विशेष प्रोजेक्ट स्वास्थ्य मितान, पीवीटीजी हेल्प डेस्क, रिचिंग एवरी डिलीवरी, आईआईटी बॉम्बे पोषण मिशन तथा मानव संसाधन की उपलब्धता सहित विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

- कलेक्टर रोहित व्यास ने जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी लक्षित योजनाओं एवं सेवाओं का पूरी तत्परता से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर श्री व्यास ने कुपोषण को दूर करने बड़ी पहल की। उन्होंने कहा कि गंभीर कुपोषित बच्चों के कुपोषण मुक्ति के लिए उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र लाने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रति बच्चे 100 रुपये प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।



### कराएं शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव

कलेक्टर श्री व्यास ने कहा कि गर्भवती महिलाओं का प्रथम तिमाही में शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। शिशु मातृत्व मृत्यु दर रोकने एवं बेहतर देखभाल के लिए स्वास्थ्य अमला सतर्क रहे। प्रसव की निर्धारित तिथि नजदीक आने पर मितानिन रोजाना घर जाकर गर्भवती महिला का स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्थिति की जानकारी लें। हाई रिस्क प्रेगनेंसी की पहचान कर विशेष स्वास्थ्य परीक्षण, समुचित देखभाल एवं उचित समय पर अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए लोगों को अस्पताल में ही सुरक्षित प्रसव कराने के लिए प्रेरित करने हेतु प्रचार-प्रसार को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। जिला अस्पताल में स्वास्थ्य एवं मानव संसाधनों को दुरुस्त करने, दवाइयों की उपलब्धता, आवश्यक टेस्ट एवं सी सेक्शन की सुविधा को सुचारू रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि माह में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर एवं सीडीपीओ संयुक्त बैठक में शामिल होकर मातृ शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, ओपीडी-आईपीडी तथा जन्म-मृत्यु दर की समीक्षा करें।

यह प्रोत्साहन राशि जीवन दीप समिति की ओर से वहन किया जाएगा। उन्होंने बच्चों को कुपोषण से मुक्ति दिलाने एनआरसी में बेड ऑक्यूपेंसी दर बढ़ाने के निर्देश दिए। जिससे एनआरसी में अधिक से अधिक गंभीर कुपोषित बच्चों का समुचित इलाज जा सके एवं पूरक पोषण आहार भी प्रदान किया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि जिले में कुपोषण मुक्ति के लिए सघन अभियान चलाया जाए। सभी आंगनबाड़ी केंद्र समय पर खुले यह सुनिश्चित करें तथा सीडीपीओ समय-समय पर इनका निरीक्षण ⏭ शेष पेज 4 पर

### कम परफार्मेंस पर जताई नाराजगी

बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिले में उपलब्ध स्वास्थ्य मानव संसाधन की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही आरोग्य मेला, टेली मेडिसिन, टीकाकरण, फैमिली प्लानिंग, आउटरीच गतिविधि, एनसीडी जांच, आयुष्मान भारत, राष्ट्रीय टीबी एवं कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, आरबीएसके, मलेरिया नियंत्रण, सिकल सेल, पीसीपीएनडीटी एक्ट के क्रियान्वयन आदि की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने योजनाओं के गंभीरता पूर्वक संचालन करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए। कई स्थानों पर आवश्यकता से अधिक चिकित्सा स्टाफ मौजूद होने एवं उसके अनुरूप डिलीवरी, ओपीडी और स्वास्थ्य सेवाएं कम मिलने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई तथा कम स्टाफ वाले स्थानों पर मानव संसाधन को आवश्यकतानुसार शिफ्ट करने के निर्देश दिए।

### सभी अस्पतालों में सक्रिय रहे एंबुलेंस

कलेक्टर ने बैठक के दौरान जिला के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में 108, 102 एंबुलेंस तथा मुक्तांजलि वाहनों की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी जगह एंबुलेंस का सक्रिय संचालन सुनिश्चित किया जाए, जिससे आपातकाल में किसी भी मरीज को असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही जिले में पीएम जनमन योजना अंतर्गत प्राप्त 6 मोबाइल मेडिकल यूनिट को सक्रिय रखते हुए रूट चार्ट बनाकर पीवीटीजी क्षेत्रों में नियमित रूप से संचालन करते हुए लोगों का स्वास्थ्य जांच एवं इलाज करने के निर्देश दिए।

# अवैध उत्खनन करते जेसीबी मशीन जब्त



**जशपुरनगर।** वनमण्डल जशपुर द्वारा वनभूमि के संरक्षण हेतु सतत अभियान चलाते हुए अवैध उत्खनन, वनों की अवैध कटाई एवं तस्करी के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही की जा रही है। वनमण्डलाधिकारी शशि कुमार के निर्देशन में वन अमला पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहा है।

- संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण दर्ज

इसी क्रम में वन विभाग को ग्राम सरबकोम्बो के समीप अवैध उत्खनन की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही वन विभाग टीम के द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर अवैध उत्खनन कार्य को तत्काल प्रभाव से बंद कराया तथा एक जे.सी.बी. मशीन जप्त की गई है। साथ ही संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण दर्ज कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 मार्च को वन परिक्षेत्र बगीचा अंतर्गत बगीचा-चराईडांड मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम सरबकोम्बो के समीप कक्ष क्रमांक 1373, मुसघुटरी वनखण्ड में बिना किसी सक्षम अनुमति के जे.सी.बी. मशीन के माध्यम से अवैध उत्खनन किया जा रहा था। जो कि वन अधिनियम के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। सूचना प्राप्त होते ही वन परिक्षेत्राधिकारी बगीचा यशस्वी मौर्य अपने दल के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचीं एवं अवैध उत्खनन कार्य को तत्काल प्रभाव से रुकवाया। मौके पर एक बिना पंजीयन क्रमांक की जेसीबी मशीन पाई गई। स्थल पर उपस्थित जेसीबी चालक ओम प्रकाश दुबे आ. जनेश्वर ⏭ शेष पेज 4 पर

# पाकरगांव की छात्रा साक्षी का जवाहर नवोदय स्कूल में चयन

**पत्थलगांव।** एसएम ज्ञानोदय हायर सेकेंडरी स्कूल पाकरगांव की छात्रा साक्षी कुमारी साव का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। छात्रा के चयन से स्कूल में खुशी का माहौल है। एसएम ज्ञानोदय हायर सेकेंडरी स्कूल पाकरगांव की प्रतिभाशाली छात्रा साक्षी कुमारी साव पिता उमेश साव का चयन प्रतिष्ठित जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है। इस उल्लेखनीय सफलता से विद्यालय में हर्ष एवं गर्व का वातावरण व्याप्त है। साक्षी कुमारी साव ने अपनी मेहनत, अनुशासन एवं निरंतर प्रयास से यह सफलता अर्जित की है। इस सफलता में विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन, परिश्रम एवं समर्पण की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। विद्यालय के डायरेक्टर कन्हैया यादव ने छात्रा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि साक्षी की यह उपलब्धि उसकी कड़ी मेहनत के साथ-साथ शिक्षकों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन का परिणाम है। यह हमारे विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। हमें विश्वास है कि वह भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता के नए आयाम स्थापित करेगी। विद्यालय परिवार ने साक्षी कुमारी साव के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उसके निरंतर प्रगति एवं सफलता की शुभकामनाएं दी हैं।



# कृषि क्रांति एक्सपो 23 से 25 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में जिले की महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार के साथ खुशहाल जीवन व्यतीत कर रही हैं। जशपुर जिले के ग्राम सोगड़ा निवासी संजीता एक्का पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर मत्स्य, बत्तख और सुकर पालन से आय के नए स्त्रोत बना रही है। आज वे नवाचार के साथ खेती को लाभकारी बना रही हैं। प्रगतिशील किसान संजीता एक्का अपने पति ईश्वर राम एक्का के साथ मिलकर मत्स्य पालन, बत्तख पालन और सुकर पालन कर रही है जहॉ पहले वे खरीफ में केवल धान की फसल लेती थी वहीं अब उसी खेत में आलू और गेहूं की खेती कर बेहतर उत्पादन ले रही है और लीची के पौधे लगाकर बागवानी की भी शुरुआत की है। संजीता ने बताया कि पहले वे अपने पति के साथ धान की खेती करते थे जिससे उन्हें ज्यादा मुनाफा नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने मत्स्य पालन करना शुरू किया। धान की खेती के अपेक्षा मछली पालन से अधिक लाभ मिल रहा है। इसके साथ ही बत्तख पालन और सुकर पालन भी कर रहे हैं उससे भी फायदा मिल रहा है। बरसात के सीजन में धान की खेती करते हैं गर्मी के सीजन में आलू और गेहूं की खेती करते हैं और बगवानी खेती के लिए लीची भी लागाए हैं। लीची के पौधे बारिस में मिट्टी का कटाव रोकते हैं। उन्होंने अपने खेत के पास सोलर फेंसिंग लगवाए हैं। उन्होंने बताया कि शासन की अनेक योजनाओं का लाभ लेकर मछली पालन, बतख पालन और सुअर पालन करके अच्छी आमदनी अर्जित करते हैं। संजीता एक्का ने जिला प्रशासन और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया संजीता एक्का ने अन्य किसानों को भी धान के बदले अन्य फसलों लेने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। संजीता की इस सोच से पता चलता है कि नई सोच और नवाचार से खेती को लाभकारी बनाया जा सकता है। जिले के किसान भी यदि इसी प्रकार खेती में नवाचार सीखना चाहते हैं तो 23 से 25 मार्च तक कृषि महाविद्यालय कुनकुरी में आयोजित होने वाली कृषि क्रांति एक्सपो भाग ले सकते हैं।

# छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जो 132 मान्यता प्राप्त एवं गैर मान्यता प्राप्त संगठनों का प्रतिनिधि संगठन है।प्रांतीय आह्वान पर जिला जशपुर के कुनकुरी विकासखंड सहित अन्य विकासखंडों में मुख्यमंत्री तथा मुख्य सचिव के नाम ग्यारह सूत्रीय मांगों को चुनावी घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी के रूप में उल्लेख के आधार पर लागू करने के लिए पुरजोर तरीके से अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए ज्ञापन सौपा गया। शासकीय सेवकों को देय तिथि से महंगाई भत्ता एरियर्स सहित देने,चार स्तरीय वेतनमान लागू करने,300 दिनों के अर्जित अवकाश नकदीकरण करने, लिपिकों, सहायक शिक्षकों,स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य कर्मचारियों की वेतन विसंगति दूर करने,शिक्षकों की सेवा गणना नियुक्ति तिथि से करने,नि:शर्त अनुकम्पा नियुक्ति, पंचायत सचिवों के शासकीयकरण,नगरीय निकाय कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतन एवं पदोन्नति देने,सेवानिवृति आयु 65 वर्ष करने संविदा एवं कार्यभारित कर्मचारियों के नियमितीकरण करने आधार बेस अटेंडेंस एवं संविदा नियुक्ति बंद करने की मांग को लेकर कुनकुरी में फेडरेशन के विकासखंड संयोजक अरविन्द मिश्रा, सचिव प्रभु शंकर श्रीवास्तव, उप संयोजक वाई आर कैवर्त,पटवारी संघ के अध्यक्ष प्रवीण तिर्की,राजस्व निरीक्षक संघ से राजेंद्र खुटे, चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ से मुकेश सिंह,विकास सिंह सहित अन्य कर्मचारियों ने कुनकुरी एस डी एम नंदजी पांडे को ग्यारह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।

# जशपुर में 43 कामों के लिए 3.56 करोड़ मंजूर

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के गृह जिले जशपुर में शहर विकास को लेकर बड़ा फैसला हुआ है। नगरपालिका जशपुर के लिए 3 करोड़ 56 लाख 61 हजार रुपए (356.61 लाख) की राशि से 43 विकास कार्यों को मंजूरी दी गई है। इस मेगा प्लान में सीसी रोड, नाली निर्माण और बीटी रोड जैसे बुनियादी कामों को प्राथमिकता दी गई है, जिससे शहर की तस्वीर बदलने की उम्मीद है। दरअसल, नगरपालिका क्षेत्र के पार्षद लंबे समय से अपने-अपने वार्डों में सड़कों की खराब स्थिति, जलभराव और सफाई व्यवस्था को लेकर आवाज उठा रहे थे। लगातार मिल रही शिकायतों और जरूरतों को देखते हुए नगरपालिका प्रशासन ने सभी पार्षदों से प्राथमिकता के आधार पर कार्यों की सूची मंगाई। इसके बाद मुख्य नगरपालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय और नगरपालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत ने इन प्रस्तावों को विधायक रायमुनी भगत के साथ चर्चा कर अंतिम रूप दिया और शासन को भेजा। विधायक की अनुशंसा पर सरकार ने इन कार्यों को स्वीकृति दे दी।इस स्वीकृति की खास बात यह है कि शहर के लगभग सभी वार्डों को शामिल किया गया है, जिससे विकास का लाभ व्यापक स्तर पर पहुंचेगा।



### जिले की 285 पंचायतों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने ग्राम सभा से प्रस्ताव पारित

**जशपुरनगर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले के 285 ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किए जाने हेतु 25 मार्च तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार संचालनालय, महिला एवं बाल विकास के द्वारा प्रद्त्त निर्देशों में ऐसी ग्राम पंचायतों में जहां विगत 02 वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में बाल विवाह का प्रकरण ना हुआ हो, उन्हें बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किया जाना है। इसी संबंध में जशपुर जिले के 444 ग्राम पंचायतों में से 285 ग्राम पंचायतों से पिछले 02 वर्षों में बाल विवाह का प्रकरण नहीं होने संबंधी ग्राम पंचायतों के ग्राम सभाओं में प्रस्ताव पारित हुआ है।

# 4 अप्रैल को टेट अनिवार्यता के विरोध में दिल्ली में राष्ट्रीय आंदोलन

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ के समस्त शिक्षक संगठनों द्वारा रायपुर में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) अनिवार्यता के विरोध में एकजुट होकर आंदोलन का निर्णय लिया गया है।

इस निर्णय के तहत 4 अप्रैल 2025 को दिल्ली के रामलीला मैदान में राष्ट्रीय स्तर पर एक दिवसीय विशाल आंदोलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें जशपुर जिले से भी बड़ी संख्या में शिक्षक भाग लेंगे। बैठक में बताया गया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार टीईटी अनिवार्यता लागू होने से उन शिक्षकों पर संकट उत्पन्न हो गया है, जो टीईटी नियम लागू होने से पूर्व निर्धारित पात्रता के आधार पर नियुक्त हुए थे। ऐसे शिक्षकों को पुनः टीईटी परीक्षा देना अनिवार्य किए जाने से उनमें भारी आक्रोश है। शिक्षक संगठनों ने मांग की है कि सरकार इस विषय में न्यायोचित एवं व्यावहारिक निर्णय लेते हुए पुराने शिक्षकों को राहत प्रदान करे।

टीईटी अनिवार्यता के विरोध में प्रस्तावित राष्ट्रीय आंदोलन की तैयारियों को राज्य स्तर पर तेज किया जाएगा। 4 अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में एक दिवसीय राष्ट्रीय आंदोलन आयोजित किया जाएगा।



## नरेन्द्राचार्य महाराज के आगमन की तैयारियां तेज

# भाजपा के वरिष्ठ नेता उपासने ने ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जगदगुरु नरेन्द्राचार्य महाराज के आगामी 20 जून को जशपुर प्रवास को ऐतिहासिक बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने कमर कस ली है। इसी तारतम्य में भाजपा के वरिष्ठ नेता सच्चिदानंद उपासने के मुख्य आतिथ्य में कल्याण आश्रम के सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।

प्रमुख उपस्थिति एवं चर्चा बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा और व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान पूर्व राज्यसभा सांसद राजा रणविजय सिंह जूदेव विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम की भव्यता और स्थानीय सहभागिता पर जोर दिया। बैठक में कल्याण आश्रम के प्रांत संगठन महामंत्री महेश्वर, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगा राम भगत, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिव प्रकाश तिवारी तथा भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष पिंकी गुप्ता सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और कार्यकर्ता उपस्थित थे। वरिष्ठ नेता सच्चिदानंद उपासने ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जगदगुरु नरेन्द्राचार्य महाराज का आगमन जशपुर के लिए सौभाग्य का विषय है। उन्होंने जशपुर वासियों से अपील करते हुए कहा,यह आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि हमारे संस्कारों और संस्कृति को नई ऊर्जा देने का माध्यम है। मैं समस्त जशपुर वासियों से आग्रह करता हूं कि 20 जून के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सक्रिय योगदान दें और बड़ी संख्या में उपस्थित होकर महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करें। बैठक में तय किया गया कि महाराज के भव्य स्वागत के लिए विभिन्न टोलियां बनाई जाएंगी। कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने हेतु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा राष्ट्र सेविका समिति को मुख्य उत्तरदायित्व सौंपा गया है। इसके साथ ही भाजपा किसान मोर्चा, भाजपा महिला मोर्चा एवं अन्य सामाजिक व धार्मिक संगठनों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सभी संगठनों के समन्वय से जिले के कोने-कोने तक श्रद्धालुओं को सूचना पहुंचाई जाएगी ताकि व्यवस्थाएं सुचारू और अनुशासित रहें।



# अवैध ईंट निर्माण पर खनिज विभाग की कार्वाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध खनिज विभाग द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई जारी है। प्राप्त शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए विभाग द्वारा मौके पर जांच कर ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में तहसील फरसाबहार अंतर्गत ग्राम पमशाला में अवैध रूप से ईंट निर्माण एवं उसके कारोबार की शिकायत मिलने पर खनिज विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में ईंटें जब्त की हैं। सहायक खनिज अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जांच के दौरान प्रीतमलाल प्रजापति ग्राम बिहरा, थाना रामपुरबाघेलान, जिला सतना हाल मुकाम पमशाला, तहसील फरसाबहार के पास से 2 लाख 10 हजार नग ईंटें जब्त की गई हैं। उक्त प्रकरण में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 के तहत मामला दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। भविष्य में भी खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण से संबंधित मामलों में नियमित जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

- 2 लाख 10 हजार ईंटें जब्त, प्रकरण दर्ज

## खबर संक्षेप



### भाजपा अजजा मोर्चा के नेतृत्व में आदिवासियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर**। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नेतृत्व में लखनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत नरकालों और चोड़ेया के आदिवासी समाज के ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। भाजपा अजजा मोर्चा ने भोलेभाले आदिवासियों की पुश्तैनी भूमि पर विशेष समुदाय के बाहरी लोगों द्वारा अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों के साथ कलेक्टोरेट पहुंचे भाजपा अजजा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बिंदेश्वरी लाल पैकरा ने बताया कि नरकालों व चोड़ेया के अनुसूचित जनजाति के लोग कई पीढ़ियों से अपनी पुश्तैनी भूमि पर निवासरत हैं। यह क्षेत्र पांचवी अनुसूची क्षेत्र में हैं, जहां आदिवासी भूमि की सुरक्षा हेतु विशेष संवैधानिक एवं कानूनी प्रावधान लागू हैं। परंतु कुछ वर्षों से बिहार एवं अन्य राज्यों से आए विशेष समुदाय के लोगों द्वारा गांव के आदिवासी भूमि पर जबरन मकान निर्माण किया गया है। नरकालो निवासी बदलू पिता प्रधान की राजाकोट में 1 एकड़ भूमि है जिस पर कुरैशा और हुसैन ने कब्जा कर लिया है। इसी प्रकार गिरीश पिता घुरऊ की 87 डिसमिल भूमि पर नसरूद्दीन, बसंती पति शिव कंवर की 1.5 एकड़ भूमि पर जलालुद्दीन एवं नसरूद्दीन, घूरऊ पिता दशरथ कंवर की 1.5 एकड़ भूमि पर मोहमुद्दीन, ग्राम चोड़ेया निवासी शांति पिता अमरूष मझवार की 3 एकड़ भूमि पर फिरदौस तथा जेठू पिता काशी बारगाह की 4 एकड़ भूमि पर हुसैन ने जबरिया कब्जा कर लिया है। आदिवासी समाज के लोगों द्वारा इसका विरोध करने पर डराया धमकाया जाता है। पीड़ित ग्रामीणों ने अवैध कब्जे को तत्काल हटाने तथा दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान मोर्चा के उपाध्यक्ष डॉ.शिवमंगल सिंह, राजेंद्र पैकरा, तेजबल राम नागेश, जितेंद्र कुजूर, सुनील कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### 9वीं और 11वीं की परीक्षा की पाली बदलने की मांग एनएसयूआई ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**प्रतापपुर**। 23 मार्च से आयोजित कक्षा 9वीं और 11वीं की परीक्षा दोपहर की पाली में संचालित करने को आदेश प्रस्तावित किया गया है। एनएसयूआई के जिला



सचिव गोल्डी खान के नेतृत्व में एसडीएम एवं बीईओ को ज्ञापन सौंप दोपहर की पाली को बदलने की मांग की है। एनएसयूआई ने ज्ञापन के माध्यम से अधिकारियों को अवगत कराया कि प्रतापपुर सहित जिले में इन दिनों अत्यधिक गर्मी पड़ रही है। ऐसे समय में 9वीं और 11वीं की परीक्षा दोपहर की पाली में आयोजित किए जाने से विद्यार्थियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। गर्मी और तेज धूप के कारण विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना है जिससे अभिभावकों एवं विद्यार्थियों में व्यापक असंतोष है। दोपहर के समय तापमान अधिक होने के कारण दूर दराज से आने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र में पहुंचने में भी काफी परेशानी होगी। इस स्थिति में विद्यार्थियों को शारीरिक थकान असुविधा तथा स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में परीक्षा की तैयारी एवं प्रदर्शन भी प्रभावित हो सकता है। गोल्डी खान ने अधिकारियों को अवगत कराया कि प्रतापपुर विकासखंड हाथी प्रभावित क्षेत्र है जिसके कारण विधार्थियों की आवागमन संबंधित सुरक्षा एक गम्भीर विषय है दोपहर पाली में आयोजित परीक्षा के समाप्ति के पश्चात शाम के समय में विद्यार्थियों की आवाजाही जोखिमपूर्ण हो सकती है। एनएसयूआई जिला सचिव गोल्डी खान ने विद्यार्थियों के हित एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कक्षा 9वीं एवं 11वीं की परीक्षाएं को दोपहर की पाली के स्थान पर सुबह कि पाली में आयोजित करने करने की मांग की है। इस दौरान एनएसयूआई नगर अध्यक्ष रिजवान, राजा, शिवमंगल सिंह, कृष, राजकुमार, देवकुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

### गौरव पथ निर्माण के लिए मिली 5.50 करोड़ की स्वीकृति

लखनपुर। नगर पंचायत के बहुप्रतीक्षित गौरव पथ निर्माण के लिए शासन द्वारा 5.50 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह सड़क ग्राम कोसगा सीमा से लेकर लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक बनाई जाएगी। नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू की मांग पर कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल के प्रयासों से इस परियोजना को मंजूरी मिली। इसके अलावा चूल्हट नाला में दो स्टॉप डेम निर्माण के लिए भी 33 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

## विवि के शैक्षिक एवं प्रशासनिक भवन वर्षों से अधूरे

# वर्षों की मशक्कत के बाद एसजीजीयू को मिली 25 नए पाठ्यक्रमों की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सालों की मशक्कत के बाद शासन ने संत गहिरा गुरू विवि को शैक्षिक गतिविधियों में विस्तार के लिए 25 नए विषयों की कक्षाएं प्रारंभ करने की अनुमति दे दी हैं लेकिन भवन के अभाव में विवि प्रबंधन के लिए शैक्षणिक विभागों का विस्तार किसी चुनौती से कम नहीं हैं।

**खास बात**
- नए सत्र से पाठ्यक्रमों का संचालन बनी चुनौती

वर्ष 2008 में तत्कालीन सरगुजा विवि की स्थापना होने के बाद प्रबंधन द्वारा वर्ष 2008 में शैक्षणिक विभागों का संचालन प्रारंभ किया गया था। गुरूघासी दास विवि द्वारा शैक्षणिक विभाग अंतर्गत संचालित फार्मेसी विभाग के साथ ही प्रयोजन मूलक हिन्दी, लॉ, फार्म एण्ड फॉरेस्ट्री, कम्प्यूटर साइंस, बायोटेक्नॉलाजी पर्यावरण आदि विभागों का संचालन प्रारंभ किया गया। तब भवन के नाम पर विवि के पास प्रशासनिक कार्यालय संचालन के लिए मात्र एक पुराना शासकीय भवन उपलब्ध था। यूटीडी के विभागों के लिए प्रतीक्षा बस स्टैण्ड के पास निर्मित शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल मणिपुर का भवन उपलब्ध कराया गया। इसके पूर्व भवन के अभाव में कई बार विभागों का संचालन अलग-अलग शासकीय भवनों में भी किया गया। यूटीडी के वर्तमान भवन में पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण कक्षाओं के संचालन में अन्यान्य समस्याएं भी हो रही हैं। इधर शैक्षिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से विवि के अधिकारी लम्बे समय से नए शैक्षिक विभाग खोलने की योजनाएं बना रहे थे साथ ही शासन को प्रस्ताव भी भेज रहे थे लेकिन स्वीकृति नहीं मिल पाई थी। कुछ दिनों पूर्व ही उच्च शिक्षा विभाग ने 25 नए पाठ्यक्रमों की स्वीकृति प्रदान की है साथ ही इन विभागों के लिए सेटअप की भी स्वीकृति प्रदान की है। विवि के पास सबसे बड़ी समस्या भवन की है। वर्ष 2017-18 से विवि के भकुरा परिसर में प्रशासनिक कार्यालय सहित अन्य आवश्यक भवनों एवं आवासीय भवनों की स्वीकृति प्रदान की गई थी जिनका निर्माण अब तक पूरा नहीं हो पाया है। विवि प्रबंधन को शासन द्वारा बजट में भवन निर्माण के लिए राशि मिलने की उम्मीद थी जो पूरी नहीं हो सकी। अधूरे भवनों का निर्माण कब तक पूरा होगा इसका भी कोई भरोसा नहीं है ऐसे में आगामी सत्र से नए विभागों का संचालन करना विवि प्रबंधन के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। हालांकि अधिकारी नए पाठ्यक्रमों की स्वीकृति मिलने के बाद से ही विकल्पों को तलाशने में जुटे हैं।



आधी-अधूरी एकडमिक बिल्डिंग।

### इन विषयों पर जोर

शासन द्वारा स्वीकृत नए पाठ्यक्रमों में पारंपरिक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य के विषय अधिक हैं। शैक्षणिक गतिविधियों से ही किसी भी विश्वविद्यालय की पहचान बनती है इसलिए विवि प्रबंधन कुछ खास रोजगार एवं शोधपरक पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ करने पर जोर दे रहा है। वर्तमान परिस्थितियों में विवि के लिए एक साथ सभी 25 शैक्षिक विभागों का संचालन प्रारम्भ करना संभव नहीं है। ऐसे में प्रबंधन उपलब्ध संसाधनों के आधार पर आगामी सत्र से कुछ पाठ्यक्रमों का संचालन प्रारंभ कर सकता है। विवि शोधपरक आर्यावर्त हिन्दू संस्कृति, पर्यटन एवं रोजगारपरक रूरल टेक्नोलॉजी, होटल मैनेजमेंट, बिजनेस मैनेजमेंट, लाइब्रेरी साइंस एवं फिजिकल एजुकेशन जैसे पाठ्यक्रम शुरू करने पर जोर दे रहा है विवि द्वारा इन्टीग्रेटेड पाठ्यक्रम एवं स्व वित्तीय मद से भी नए विषयों की पढ़ाई शुरू करने की योजना बनाई जा रही है।

### 50 लाख की स्वीकृति

शासन द्वारा नए पाठ्यक्रमों के लिए शैक्षिक एवं अशैक्षिक पदों के सेटअप की स्वीकृति प्रदान की गई है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नए पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए 50 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। नए शैक्षिक विभागों के संचालन से विवि को भारी भरकम राशि खर्च करनी पड़ेगी जिससे वित्तीय दबाव भी बढ़ेगा। विवि प्रबंधन ने प्रारम्भ में अतिथि व्याख्याताओं के माध्यम से नए पाठ्यक्रमों का संचालन करने का निर्णय लिया है।

### की जाएगी शासकीय भवन की मांग

वर्तमान में विवि के पास भवन की समस्या है। नए पाठ्यक्रमों के लिए प्रशासन से शासकीय भवन उपलब्ध कराने की मांग की जाएगी। अन्य विकल्पों पर विचार-विमर्श चल रहा है।

-प्रो.राजेन्द्र लाकपाले
कुलपति, एसजीजीयू



## पीएम राहत : सड़क दुर्घटना पीड़ितों को मिलेगी कैशलेस इलाज की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले में भी अब शासन की महत्वपूर्ण योजना सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों को डेढ़ लाख रुपए तक का उपचार की सुविधा प्रदान करने हेतु एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन सीएमएचओ डॉ. कपील देव पैंकरा के निर्देशन में संपन्न हुआ।

योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में जिले के समस्त शासकीय पंजीकृत अस्पतालों के लिए एक दिवसीय समीक्षा बैठक सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। साथ ही 16 मार्च को योजना के संबंध शासकीय एवं निजी पंजीकृत अस्पतालों में योजना के संबंध में रायपुर से ऑनलाइन वीसी के माध्यम से योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि पीएम राहत योजना भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को गोल्डन आवर के दौरान त्वरित उपचार तथा अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में अधिकतम 7 दिवस तक अथवा 1.50 लाख तक कैशलेस उपचार की सुविधा उपलब्ध कराना है। इस योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल किसी भी व्यक्ति का उपचार राज्य के मान्यता प्राप्त शासकीय एवं निजी अस्पतालों में किया जा सकेगा तथा लाभार्थी अथवा उसके परिजन से किसी प्रकार की राशि नहीं ली जाएगी। कार्यशाला के दौरान राज्य से डीआरएम तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की उपस्थित में जिला से जिला नोड़ल एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक उपस्थित रहे। शासकीय एवं निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों को योजना के प्रमुख प्रावधानों, उपचार प्रक्रिया, क्लेम सबमिशन, डीएआर, आईटी पोर्टल में पंजीयन तथा संचालन प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि अस्पतालों द्वारा दुर्घटना पीड़ति का त्वरित पंजीयन पोर्टल पर किया जाएगा तथा आवश्यक दस्तावेज एवं उपचार विवरण समय पर अपलोड किए जाएंगे।

- सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को मिलेगा डेढ़ लाख रुपए तक का नि:शुल्क उपचार


## ग्राम कोटबहरा स्थित किसानों की फसल बोरवेल को हाथियों के दल ने पहुंचाई क्षति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम पंचायत कल्याणपुर अंतर्गत कोटबहरा गांव में सोमवार की शाम पहुंचे पांच सदस्यीय हाथियों के दल ने रात में दो ग्रामीणों के बोरवेल को क्षतिग्रस्त करने के अलावा फसलों को काफी नुकसान पहुंचाया है। हाथियों के आबादी क्षेत्र समीप डटे रहने से स्थानीय ग्रामीणों में भय व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार की शाम पांच सदस्यीय हाथियों का दल बलरामपुर जिला के सरहद से ग्राम पंचायत कल्याणपुर के कोटबहरा गांव में पहुंचे थे।

- ग्रामीण में भय व्याप्त

हाथियों के दल ने रात कोटबहरा निवासी ईश्वर सिंह व जीतू राम के बोरवेल को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त करके गेहूं,गन्ना,गर्मी सीजन के धान फसल को काफी नुकसान पहुंचाया है,हाथियों का दल मंगलवार की शाम तक कोटबहरा के जंगल में रहने के बाद रात को पुनः रिहायशी इलाके की तरफ निकले,हाथियों के क्षेत्र में विचरण करने से डरे सहमे ग्रामीण रतजगा करने विवश हैं,हाथियों के क्षेत्र में विचरण करने पर वन



विभाग की टीम ग्रामीणों के साथ डटी हुई है और लोगों को समझाइश देते हुए हाथियों को जंगल की ओर वापस लौटाने का प्रयास कर रही है। ज्ञात हो कि पिछले कुछ समय से इन इलाकों में हाथियों की गतिविधियां लगातार देखी जा रही हैं, जिसके कारण सीमावर्ती गांवों के लोग हमेशा सतर्क रहते हैं। कोटबहरा के आसपास घने जंगल और खेत होने के कारण हाथियों का दल अक्सर भोजन की तलाश में गांवों की ओर रुख कर लेता है। यही वजह है कि ग्रामीणों में हर बार हाथियों के आने की खबर से भय और चिंता का माहौल बन जाता है। कुछ महीने पूर्व भी हाथियों का दल इस इलाके में पहुंचा था। उस समय भी हाथियों ने गांव में जमकर उत्पात मचाते हुए करीब एक दर्जन मकानों को क्षतिग्रस्त कर खेतों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया था। बता दें कि उस समय ग्रामीणों के घरों की क्षति का निरीक्षण करने भटगांव विधायक व केबिनेट मंत्री पहुंची थीं और गांव में हाई मास्ट लाइट लगवाने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया था।

### डीएफओ के निर्देश पर निगरानी गठित

पांच सदस्यीय हाथियों के दल के कल्याणपुर कोटबहरा क्षेत्र में पहुंचने पर डीएफओ के निर्देश पर हाथियों को खदेड़ने व निगरानी हेतु टीम का गठन किया गया है। जिसमें वन विभाग के देव कुमार के अलावा अखिलेश प्रधान, यशवंत सिंह, दुष्यंत सिंह, मोहन सिंह को शामिल किया गया है। साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता भुनेश्वर सिंह भी सक्रिय हैं।

## एसयूवी वाहन से गांजा तस्करी के मामले में फरार चल रहे दो अन्य आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

लटोरी पुलिस ने गांजा तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो ओडिशा से मादक पदार्थ लाकर छत्तीसगढ़ के विभिन्न इलाकों में खपाने की फिराक में था। इस पूरे मामले में जहां पहले तीन तस्कर गिरफ्तार किए गए थे, वहीं इसी मामले में पुलिस को चकमा देकर फरार हुए दो आरोपीयों को भी 11 दिन बाद पुलिस ने पकड़ लिया है।

लटोरी पुलिस ने बताया कि गत दिनों 6 मार्च को जब लटोरी पुलिस टीम अंबिकापुर–बनारस हाईवे पर स्थित देशी ढाबे के सामने वाहन चेकिंग कर रही थी, तभी अंबिकापुर की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही एक सफारी वाहन क्रमांक सीजी 15 ईजी 4455 को रोककर तलाशी ली गई,जैसे ही पुलिस को वाहन में संदिग्ध सामान होने का अंदेशा हुआ, उसी दौरान उसमें सवार दो युवक अचानक दरवाजा खोलकर कूद पड़े और खेतों की ओर भाग निकले,पुलिस ने उनका पीछा किया, लेकिन दो युवक छिपकर भागने में सफल हो गए थे,इस दौरान वाहन की तलाशी में पुलिस को दो झोलों में छिपाकर रखे गए 8 पैकेटों में करीब 9 किलो गांजा बरामद हुआ था,इस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वाहन में सवार जीवधन पैकरा, सुरेंद्र कुमार लास्कर और ललित यादव को गिरफ्तार कर तीनों को सूरजपुर न्यायालय में पेश किया था,फरार आरोपियों क्रमशः महेश कुमार यादव और परमेश्वर देवांगन की तलाश के लिए पुलिस ने अभियान चलाया।

आरोपी इतने शातिर थे कि अपने मोबाइल फोन बंद कर बार-बार ठिकाना बदलते रहे,करीब 11 दिनों की तलाश के बाद मंगलवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दोनों आरोपी अपने-अपने घर लौट आए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम दो अलग-अलग स्थानों पर घेराबंदी कर कार्रवाई की और दोनों आरोपी महेश कुमार यादव पिता रामरतन यादव 30 वर्ष निवासी बरौधी भटगांव व परमेश्वर देवांगन पिता रामधारी 24 वर्ष निवासी सोनगरा पीपरपारा को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे पहले से गिरफ्तार हो चुके अपने साथियों के साथ मिलकर ओडिशा के सोनपुर क्षेत्र से एक स्थानीय सप्लायर से गांजा खरीदते थे और उसे छत्तीसगढ़ के विभिन्न इलाकों में बेचने के लिए यहाँ लाते थे। इस खुलासे के बाद पुलिस अब इस अंतरराज्यीय नेटवर्क के अन्य सदस्यों और सप्लायर तक पहुंचने के प्रयास में जुट गई है,इस कार्रवाई में लटोरी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अरुण गुप्ता के नेतृत्व में आरक्षक विकास मिश्रा, संतोष जायसवाल सक्रिय रहे।

### जामा मस्जिद में हुआ मिलाद शरीफ

**लखनपुर**। जामा मस्जिद में माह-ए-रमजान के मुबारक मौके पर तरावीह की नमाज़ में कुरान शरीफ मुकम्मल होने पर मिलाद शरीफ का आयोजित किया गया। इस अवसर पर तरावीह में



कुरान-ए-पाक मुकम्मल सुनाने वाले हाफिज साहब का फूल माला पहनाकर और दस्तारबंदी कर इस्तकबाल किया गया तथा नजराना-ए-अकीदत पेश किया गया। मस्जिद कमेटी की ओर से हाफिज साहब को एक लाख एक हजार सात सौ छियासी रुपये का चेक भी भेंट किया गया। जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। कार्यक्रम में मौजूद तमाम लोगों ने हाफिज साहब की खिदमत और मेहनत की सराहना की तथा उनके लिए दिल से दुआएं कीं। मस्जिद कमेटी की ओर से कहा गया कि ऐसे कार्यक्रमों से न केवल दीन की मोहब्बत बढ़ती है, बल्कि समाज में भाईचारा, इत्तेहाद और अमन को भी मजबूती मिलती है। कार्यक्रम में अंजुमन गौसिया कमेटी के सदर, खजांची, कमेटी के सदस्य और मुस्लिम समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## चिरई घाट में भीषण सड़क हादसा, बाइक सवार की मौत, स्कॉर्पियो चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

क्षेत्र के चिरई घाट पर बाइक व स्कॉर्पियो में आमने-सामने टक्कर हो गई। बाइक व स्कॉर्पियो की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए जबकि बाइक सवार की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। इधर पिकअप सवार मौके पर ही वाहन छोड़ कर फरार हो गए। मंगलवार को चिरई घाट पर हुए भीषण हादसे से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मानपुर निवासी राजेन्द्र दमिया आ. स्व. बीरू दमिया (45 वर्ष) बाइक क्रमांक सीजी 15 सीसी 4932 से ग्राम उदरसई से मानपुर लौट रहा था। जैसे ही बाइक सवार शंकरगढ़ क्षेत्र स्थित चिरई घाट के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 12 एएच 9824 से आमने-सामने टक्कर हो गई। दोनों वाहनों की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए जबकि



बाइक सवार सड़क किनारे जा गिरा जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया।। इधर घटना के बाद स्कार्पियो सवार मौके पर ही वाहन को छोड़ फरार हो गए। घटना को देख राहगीरों ने तत्काल एंबुलेंस से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शंकरगढ़ पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच घटना कारित वाहनों को जब्त कर स्कार्पियो सवार की तलाश शुरू कर दी है।

## मवेशियों से भरा पिकअप पलटा, 6 मवेशी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

रात में गश्त कर रहे वन अमले की टीम को देख भाग रहा पिकअप चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिससे मवेशी से भरा पिकअप सड़क किनारे पलट गई। हालांकि किसी मवेशी की मौत नहीं हुई वहीं वाहन में सवार लोग मवेशी और पिकअप को मौके पर ही छोड़ फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार वन विभाग की टीम बीती रात क्षेत्र में गश्त करने के साथ चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक पिकअप में 6 मवेशी लदे हुए दिखाई दिए। टीम को देखते ही चालक वाहन को तेज गति से चलाते हुए भागने लगा। कुछ दूरी पर मोड़ के पास चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया जिससे पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे



के बाद पिकअप में सवार सभी लोग मौके से फरार हो गए। वन विभाग एवं पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंच कर मवेशियों को अपने कब्जे में लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने पिकअप को डीपाडीह चौकी में खड़ी कर दी है। फिलहाल फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# प्रेमनगर में इको टूरिज्म पर पांच दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रेमनगर

शासकीय नवीन महाविद्यालय के प्रांगण में प्रकृति संरक्षण, पर्यटन विकास और युवा जागरूकता का वातावरण देखने को मिला। राष्ट्रीय उच्च शिक्षा अभियान रूसा अंतर्गत इको टूरिज्म विषय पर आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला 16 से 20 मार्च तक आयोजित की जा रही है, जिसमें छात्र-छात्राओं को इको टूरिज्म की अवधारणा, उसके महत्व तथा उससे जुड़े अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

- युवाओं को मिला प्रकृति संरक्षण और पर्यटन के नए अवसरों का संदेश

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी रेखा जायसवाल ने की। इस अवसर पर राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजकमल मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष महेंद्र कुमार यादव मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में



मुहिम फाउंडेशन के संचालक ऋषिकेश ठाकुर ने इको टूरिज्म पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। रेखा जायसवाल ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के समय में इको टूरिज्म केवल पर्यटन का एक रूप नहीं, बल्कि प्रकृति के संरक्षण और सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित होगी तथा वे प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ पर्यटन के माध्यम से क्षेत्रीय विकास में अपनी भूमिका समझ सकेंगे। विशिष्ट अतिथि डॉ. राजकमल मिश्रा ने कहा कि आज पर्यटन विश्व स्तर पर तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र है। पर्यटन किसी भी क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे होटल, परिवहन, व्यापार और स्थानीय हस्तशिल्प जैसे अनेक क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। मुख्य अतिथि महेंद्र कुमार यादव ने प्रेमनगर क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता और पर्यटन संभावनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि हमारे आसपास कई ऐसे दर्शनीय स्थल और प्राकृतिक पर्यटन क्षेत्र मौजूद हैं, जिनकी जानकारी अभी व्यापक स्तर पर लोगों तक नहीं पहुंच पाई है। यदि हम सभी मिलकर इन स्थलों का प्रचार-प्रसार करें तो यह क्षेत्र भी पर्यटन मानचित्र पर अपनी अलग पहचान बना सकता है। मुख्य वक्ता ऋषिकेश ठाकुर ने छत्तीसगढ़ में इको टूरिज्म की संभावनाओं और चुनौतियों पर केंद्रित एक विस्तृत और प्रेरणादायी व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि इको टूरिज्म का मूल उद्देश्य केवल पर्यटन करना नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और संरक्षण की भावना के साथ यात्रा करना है।

## श्रमिक नेता से दो लाख की ऑनलाइन ठगी, पुलिस ने किया अपराध दर्ज

बिश्रामपुर। एसईसीएल बिश्रामपुर स्थित बीएमएस यूनियन के श्रमिक नेता के साथ सप्ताह भर पूर्व यूपीआई ट्रांजेक्शन के माध्यम से करीब 1 लाख 94 हजार रुपए की हुई ऑनलाइन ठगी मामले में मंगलवार को पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बिश्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एसईसीएल आवासीय 1 सी कॉलोनी क्वार्टर नंबर 42 निवासी महेश कुमार गुप्ता पिता स्व. दयाचंद गुप्ता जो एसईसीएल में कार्यरत हैं एवं भारतीय मजदूर संघ के सक्रिय सदस्य भी हैं, के भारतीय स्टेट बैंक शाखा बिश्रामपुर के खाते से सप्ताह भर पूर्व दो दिनों में अलग अलग कर कई किश्तों में साइबर ठगों ने रकम ट्रांसफर कर ली, पुरे मामले में पीड़ित को इस बात की भनक तक नहीं लगी और साइबर ठग बड़ी चालाकी से अपना काम कर गए।मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित ने शीघ्र जाकर थाना बिश्रामपुर में लिखित आवेदन दिया और साथ ही एनसीआरबी पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई,पुलिस ने मंगलवार को मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4) एवं 66 डी के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# द ग्रेट ग्रांड... का टीजर जारी, नए किरदार में नजर आए जैकी

**मुंबई।** जैकी श्रॉफ की अदाकारी वाली अपकमिंग फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो- एलियंस का आगमन' का टीजर रिलीज हो गया है। इसमें जैकी श्रॉफ सुपरहीरो के किरदार में नजर आए हैं। टीजर दर्शकों को बचपन के जादू और कल्पना की दुनिया में ले जाता है। एक मिनट सात केकंड के टीजर में दिखाया गया है कि एक बच्चा है जो स्कूल में पढ़ता है। उसे कुछ महीनों में स्कूल बदलना पड़ता है। वह यह बात किसी को नहीं बताता है। अगर किसी को यह बात पता चल गई, तो पृथ्वी पर हमला हो सकता है। इसकी वजह यह है कि उसके दादा खास हैं। उनके पास सुपरपावर है। टीजर के आखिर में नजर आता है कि लड़के के दादा का किरदार जैकी श्रॉफ ने किया है।

लाइफ Style


# तमन्ना

## गफूर सॉन्ग पर किया जबरदस्त डांस

एजेंसी ⏭ मुंबई

आर्यन खान की फिल्म 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड'के गाने 'गफूर' ने रिलीज के बाद से ही काफी सुर्खियां बटोरी थीं। जिसकी वजह है इस गाने में तमन्ना भाटिया का बोल्ड डांस। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें तमन्ना फिर से 'गफूर' गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं।

तमन्ना भाटिया का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में तमन्ना ने गुलाबी चमचमाती ड्रेस पहनी हुई है। यह किसी कार्यक्रम के दौरान का वीडियो लग रहा है, क्योंकि तमन्ना स्टेज पर डांस कर रही हैं और उनके पीछे कई जूनियर आर्टिस्ट भी उनके साथ ताल में ताल मिलाते नजर आ रही हैं। तमन्ना का 'गफूर' गाने पर यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जिस पर यूजर्स लगातार अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ तमन्ना के इस डांस को पसंद कर रहे हैं, तो कुछ यूजर्स उन्हें ट्रोल भी कर रहे हैं।कई यूजर्स ने लिखा- 'किस किस को ये बिल्कुल पसंद नहीं है'। 'इस गाने पर किस किस को फरहाना भट्ट का डांस याद आया'। मेरी पसंदीदा एक्ट्रेस। वाह वाह वाह क्या डांस किया है। कितनी खूबसूरत, तो वहीं कई फैंस ने तमन्ना के इस वीडियो पर फायर और लाल दिल वाले इमोजी भी बनाएं हैं। फिल्म 'वीवनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' में तमन्ना भाटिया नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ सिद्धार्थ मलहोत्रा भी मुख्य भूमिका में होंगे। इस हॉरर फिल्म की कहानी पुराने जंगलों पर आधारित है। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है।



हॉलीवुड मसाला



# ड्यून-3 की मिली पहली झलक

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म 'ड्यून'के दोनों पार्ट्स ने अच्छा-खासा कलेक्शन बॉक्स ऑफिस पर किया था। इस फ्रैंचाइज की तीसरी कड़ी का इंतजार दर्शकों को काफी समय से है। मेकर्स ने मंगलवार को फिल्म के कैरेक्टर्स से जुड़े कई फर्स्ट लुक शेयर किए हैं। इस फर्स्ट लुक में कई चर्चित किरदार नजर आए, जिन्हें नामी हॉलीवुड एक्टर्स ने निभाया है। मेकर्स ने एक्टर टिमोथी चालमेट से लेकर रॉबर्ट पैटिंसन के अलावा कई एक्टर्स के लुक शेयर किए हैं।



# ऑस्कर में पहुंचने से पहले बाल-बाल बचे निक-प्रियंका

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल पॉवर कपल निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा ने ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी में भाग लेकर एक बार फिर फैंस की धड़कनें बढ़ा दीं। मगर इस आइकॉनिक मूमेंट के होने से ठीक पहले दोनों एक हादसे के शिकार होने से बचे। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड में प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस भी हिस्सा लेने पहुंचे थे। रेड कार्पेट पर जाने के लिए कपल काफी लेट था। ऐसे में दोनों को मेन गेट से अंदर तक जाने के लिए एक गोल्फ कार्ट तैयार थी। निक और प्रिंयका उसमें बैठे और जैसे ही ड्राइवर कार्ट को मोढ़ा तो उसका बैलेंस बिगड़ गया। इस दौरान गोल्फ कार्ट का एक पहिया जमीन से हवा में उठ गया। ऐसे में बैलेंस बनाने के लिए तुरंत निक और प्रियंका ने कार्ट को जोर से पकड़ा। ड्राइवर ने भी कुछ ही सेकेंड में कार्ट पर काबू पा लिया और हादसा टल गया।



# फैमिली संग बर्थडे मनाकर मुंबई लौटीं आलिया

**मुंबई।** अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपने 33वें जन्मदिन का जश्न विदेश में मनाया। वे परिवार के साथ हांगकांग पहुंचीं। मंगलवार को जब वे मुंबई आईं तो हमेशा की तरह पैप्स ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान रणबीर ने एक मजेदार सवाल किया। इस खूबसूरत जोड़ी को साथ देख हमेशा की तरह पैपराजी उन्हें कैमरे में कैद करने दौड़ पड़े। इस दौरान रणबीर कपूर ने मजेदार अंदाज में पैप्स से सवाल किया। रणबीर कपूर अपनी पत्नी आलिया का जन्मदिन सेलिब्रेट कर मुंबई लौट आए हैं। कपल को साथ देख पैपराजी भी वहां जुट गए और आलिया को जन्मदिन की बधाई देने लगे। इस दौरान रणबीर ने पैप्स से सवाल किया, 'केक नहीं लाए?' 'केक किधर है'? रणबीर के इस सवाल पर आलिया भी मुस्कुरा उठीं। साथ ही पैपराजी भी हंसने लगे।



# तुम चांद देख लेना का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** सलमान खान की आगामी फिल्म का नाम हाल ही में 'मातृभूमिः में वॉर रेस्ट इन पीस' बताया गया है। पहले इस फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवां' रखा गया था। मंगलवार को फिल्म का एक रोमांटिक गाना 'तुम चांद देख लेना' का टीजर जारी किया गया है। जिसमें सलमान और चित्रांगदा नजर आ रहे हैं। इस गाने में सलमान खान और चित्रांगदा सिंह के बीच एक ऐसे रोमांटिक पहलू को दिखाया गया है, जो इस फिल्म में इन दोनों की रोमांटिक प्रेम कहानी को बयां करता है। इस गाने में चित्रांगदा गुलाबी ड्रेस में सजी-धजी, सलमान का इंतजार करती हुई दिखाई दे रही हैं, जबकि सलमान खान पास ही में उनके सामने इस गाने पर डांस करते नजर आ रहे हैं, जिसके बैकग्राउंड में चमकता हुआ चांद दिखाई दे रहा है।

टीवी मसाला



# '24' सीजन 3 में अनिल फिर बनेंगे आईटीयू चीफ

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर अनिल कपूर जहां एक ओर 'सूबेदार' में अपने एंग्री ओल्ड मैन वाले अंदाज को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं, वहीं, उन्होंने एक्स पर कंफर्म किया है कि 10 साल बाद वह एक बार फिर से '24' सीजन 3 में जय सिंह राठौड़ बनकर लौट रहे हैं। एक फैन के 'सूबेदार' से जुड़े पोस्ट पर उन्होंने यह पुष्टि की है। 24, इसी नाम की अमेरिकी सीरीज का देसी रीमेक है, जिसका पहला सीजन 2013 में और फिर दूसरा सीजन 2016 में ऑन-एयर हुआ था। शो में अनिल कपूर का किरदार जय सिंह राठौड़, आईटीयू का चीफ है, जो अपने परिवार और देश को एक आतंकवादी हमलों से बचाने के लिए समय के विरुद्ध लड़ाई लड़ता है। दोनों सीजन में जय के पास केस को सुलझाने और दुश्मनों को पकड़ने के लिए 24 घंटे का वक्त रहता है। सीजन-3 की कहानी भी इसी तरह के प्लॉट पर आगे बढ़ेगी। अभिनय देव के डायरेक्शन में बनी इस सीरीज में साक्षी तंवर ने जय की बॉस मल्लिका सेन, सुरवीन चावला ने उनकी प्रेमिका माया और सिकंदर खेर ने हारून शेरचान की भूमिका निभाई थी। नील भूपालम ने आदित्य सिंघानिया का किरदार निभाया, जो देश के प्रधानमंत्री का था। हालांकि, अभी यह कंफर्म नहीं है कि सीजन-3 में इनमें से कितने किरदार पर्दे पर वापसी करेंगे। '24' सीजन 2 की कहानी में जय, एक आतंकवादी मास्टरमाइंड रोशन शेरचन (आशीष विद्यार्थी) और उसकी साथी शिवानी मलिक (साक्षी तंवर) को गिरफ्तार करवा लेता है।

## दुल्हन बनीं कृतिका को देख रो पड़े गौरव

**नई दिल्ली।** कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी का बेहद प्यारा वीडियो सामने आया है, जो चर्चा में है। कृतिका ने जब दुल्हन बन साड़ी में पापा संग एंट्री की, तो गौरव रो पड़े। उन्हें देख कृतिका हैरान रह गईं। वीडियो में कृतिका और गौरव की शादी की रस्मों और वरमाला की भी झलक है। शादी के बाद जहां कृतिका और गौरव ने तस्वीरें शेयर कर फैंस का दिल जीता, वहीं पपाराजी को मिठाइयां भी बांटी थीं। सोशल मीडिया अभी भी कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी की तस्वीरों-वीडियो से पटा पड़ा है। इसी बीच न्यूली वेड कपल ने शादी का बेहद प्यारा और इमोशनल वीडियो सामने आया है। इसमें गौरव कपूर दुल्हन बनीं कृतिका को देख रोते नजर आए। शेयर किए गए वेडिंग वीडियो में उन खास पलों और रस्मों की झलक दिखाई गई है, जो कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी में हुईं।



# सरके चुनर तेरी गाने ने अश्लीलता की हदें पार की, बॉलीवुड पर लगे लगाम : कंगना

**मुंबई।** नोरा फतेही और संजय दत्त स्टारर फिल्म 'केडीः द डेविल' का गाना 'सरके चुनर तेरी सरके' रिलीज के बाद अपने आपत्तिजनक बोल और कोरियोग्राफी के कारण विवादों में घिर गया है। इस गाने के सेंसर बोर्ड से पास होने को लेकर भी विवाद है। अब अभिनेत्री और राजनेता कंगना रनौत ने भी इस गाने की कड़ी आलोचना करते हुए बॉलीवुड पर 'अश्लीलता' की हदें पार करने का आरोप लगाया है। कंगना ने कहा, 'बॉलीवुड ने अश्लीलता, हथकंडों और ध्यान आकर्षित करने के मामले में सारी हदें पार कर दी हैं। पूरा देश उनकी निंदा और आलोचना कर रहा है। लेकिन, मुझे नहीं लगता कि उन्हें कोई शर्म है। इस तरह की अश्लीलता और अभद्रता के प्रदर्शन पर और भी सख्ती बरतने की जरूरत है। मुझे लगता है कि बॉलीवुड पर कड़ी लगाम लगानी होगी। कंगना से पहले भी कई लोगों ने इस गाने के बोलों पर आपत्ति जताई है।





गायक अरमान मलिक ने भी गाने के बोल सुनकर हैरानी जताई। अपने एक्स अकाउंट पर उन्होंने कहा कि बोल सुनकर उन्हें वीडियो दोबारा देखना पड़ा, क्योंकि उन्हें यकीन नहीं हो रहा था कि उन्होंने क्या सुना है। कमर्शियल गानों में लिरिक्स का स्तर नए निचले स्तर पर पहुंच गया है। इस हद तक गिरते देखकर दुख होता है। 'सरके चुनर तेरी सरके' आगामी पैन इंडिया कन्नड़ फिल्म 'केडीः द डेविल' का हिस्सा है, जिसका निर्देशन प्रेम ने किया है। गीत की शुरुआती पंक्तियां दोहरे अर्थों वाली हैं, जिनमें यौन संबंध का काफी विस्तृत वर्णन किया गया है।

# आयुष्मान ने गाया साड्डी गली का नया वर्जन...

**मुंबई।** एक्टर-सिंगर आयुष्मान खुराना ने पुरानी यादों को ताजा करते हुए अपने मशहूर गाने 'साड्डी गली' का एक नया वर्जन रिलीज किया है। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर आयुष्मान ने अपना एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह गिटार बजाते हुए इस नए वर्जन को गाते हुए नजर आ रहे हैं। इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए आयुष्मान ने लिखा 'पिछले कुछ दिनों से मैं देख रहा हूं कि आप में से बहुत से लोग मेरे म्यूजिक पर वीडियो बना रहे हैं और सोशल मीडिया पर अपनी यादें शेयर कर रहे हैं। इससे मुझे भी पुरानी बातें याद आ गईं, इसलिए मैंने 'साड्डी गली' का एक ऐसा अनसुना वर्जन शेयर करने का फैसला किया, जो ओरिजिनल गाने में शामिल नहीं हो पाया था।' एक्टर ने फैंस को यह भी हिंट दी कि इस साल वह और भी म्यूजिकल पीस लेकर आएंगे। उन्होंने कहा 'इस साल मैं और भी गाने गाऊंगा।' आयुष्मान का यह वीडियो वायरल हो गया है। वीडियो देखकर कई फैंस खुश हुए और इसकी तारीफ की। आयुष्मान खुराना के गाने उनके फैंस के लिए पहली पसंद रहे हैं। उनकी फिल्म 'विकी डोनर' के गाने 'पानी दा रंग' को दर्शकों ने खूब पसंद किया। उन्होंने 'मिट्टी दी खुशबू', 'इक वारी', 'साड्डी गली' और ऐसे ही कई और गाने गाए हैं। आयुष्मान जल्द ही 'पति पत्नी और वो दो' में नजर आएंगे। यह फिल्म 15 मई, 2026 को रिलीज होगी। आने वाली फिल्म में आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, रकुल प्रीत सिंह और वामिका गब्बी लीड रोल में हैं। इसके निर्देशक मुदस्सर अजीज हैं।



## पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन में दिखाई गई है बदले की कहानी

# इस हफ्ते ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। इन दिनों सिनेमाघरों में कोई ऐसी बड़ी फिल्म नहीं है, जो दर्शकों को अपनी तरफ बुला सके। 19 मार्च को 'धुरंधर 2' बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली है। इस बीच इस हफ्ते कई फिल्में और सीरीज ओटीटी पर रिलीज होने वाली हैं।*



**चिरैया :** दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा की अदाकारी वाली वेब सीरीज 'चिरैया' 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है। दर्शकों को इसका ट्रेलर पसंद आया है। इसमें शादी और रजामंदी का मुद्दा उठाया गया है। इसमें टीनू आनंद, प्रसन्ना विष्ट, सिद्धार्थ शॉ, फैसल राशिद और सरिता जोशी जैसे कलाकार हैं।

**जैज सिटी :** टीवी सीरीज 'जैज सिटी' 19 मार्च को सोनी लिव पर दस्तक देगी। पॉलिटिकल थ्रिलर सीरीज बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के दौरान, 1971 के कलकत्ता की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसके निर्देशक, लेखक और निर्माता सौमिक सेन हैं। इसमें सौरासेनी मैत्रा, शांतनु घटक, अनिरुद्ध गुप्ता और एलेक्जेंड्रा टेलर अहम भूमिकाओं में हैं।

**कासरगोड एंबेसी :** मलयालम वेब सीरीज 'कासरगोड एंबेसी' 20 मार्च से जी5 मलयालम पर स्ट्रीम होगी। सात एपिसोड वाली इस सीरीज में नकली पासपोर्ट बनाने वालों के रैकेट के बारे में दिखाया गया है। इसमें अबू सलीम, गोविंद पाई, कबीर दुहान, रॉनी डेविड और दीपक परमबोल जैसे कलाकार हैं। इसके निर्देशक आतिश एम नायर हैं।

**फ्यूरीज सीजन 2 :** वेब सीरीज 'फ्यूरीज सीजन 2' 18 मार्च को नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। इसमें मुख्य कलाकार पेरिस में एक दमनकारी शासन से टकराएंगे। इसमें लीना अल अरबी, मरीना फोइस अहम किरदारों में होंगे। सीरीज का पहला सीजन नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

**डेडलॉक :** वेब सीरीज 'डेडलॉक' का दूसरा सीजन 20 मार्च 2026 को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगा। इसमें छह एपिसोड होंगे। यह जासूसी सीरीज है। इसमें केट बॉक्स, मैडलीन सामी, नीना ओयामा, और एलिसिया गार्डिनर अहम किरदारों में हैं।

**पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन :** 'पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन' एक ब्रिटिश फिल्म है। इसमें बदले की कहानी दिखाई गई है। यह 20 मार्च को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसके निर्देशक टॉम हारपर हैं। इसमें किलियन मर्फी, रेबेका फर्ग्यूसन, टिम रोथ, स्टीफेन ग्राहम, और सोफी रंडल अहम किरदारों में होंगे।

### द राइज ऑफ द रेड हॉट चिली पेपर्सः अवर ब्रॉदर, हिलेल

93 मिनट की यह डॉक्यूमेंट्री रेड हॉट चिली पेपर्स के शुरुआती वर्षों और मूल गिटारिस्ट हिलेल स्लोवाक के प्रभाव को दर्शाती है। उनकी 1988 में ड्रग की ओवरडोज से मृत्यु हो गई थी। यह 20 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

*__इंपरफेक्ट वुमन :__ 'इंपरफेक्ट वुमन' साइकोलोजिकल थ्रिलर टीवी सीरीज है, जो 18 मार्च को एप्पल टीवी पर स्ट्रीम होगी। इसमें दिखाया गया है कि एक अपराध का वर्षों पुरानी दोस्ती पर असर पड़ता है। यह सीरीज अरामिंटा हॉल के नॉवेल 'इंपरफेक्ट वुमन' पर आधारित है। इसमें एलिजाबेथ मॉस, केरी वॉशिंगटन, केट मारा, जोएल किन्नामन और कोरी स्टॉल अहम किरदारों में होंगी।*

*__रेडियोएक्टिव इमरजेंसी :__ 'रेडियोएक्टिव इमरजेंसी' एक ब्राजीलियन डॉक्यूड्रामा सीरीज है। यह 18 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के लिए तैयार है। यह 1987 में ब्राजील में हुई रेडियोधर्मी दुर्घटना का नाटकीय रूपांतरण है। इसमें जॉनी मासारो, पाउलो गोर्गुल्हो, तुका एंड्राडा और एंटोनियो सबोइया अहम किरदारों में हैं।*

*__अमोर एनिमल :__ वेब सीरीज 'अमोर एनिमल' एक अर्जेंटीनाई रोमांटिक ड्रामा सीरीज है। यह 20 मार्च को अमेजन प्राइम वीडियो पर आएगी। इसमें एक गरीब आर्टिस्ट और एक अमीर लड़की की कहानी दिखाई गई है। इसमें तात्याना गिलकमैन, फ्रैंको मासिनी, सैंटियागो अचागा, वैलेंटिना जेनेरे और ओलिविया नस जैसे कलाकार हैं।*

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने चिकित्सालय का किया निरीक्षण

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने जिला चिकित्सालय सारंगढ़ के शिशु और ईमरजेंसी वार्ड, नर्स रूम तथा सुपोषण केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हॉस्पिटल में आए बच्चों से उनको क्या हुआ है, इलाज ठीक से हो रहा है, स्कूल की परीक्षा हुई, आदि बातचीत की। इसके साथ साथ कलेक्टर ने प्रसव के बाद महिला से उनके और नवजात शिशु के स्वस्थता की जानकारी ली। कलेक्टर ने सुपोषण केंद्र में महिलाओं से खानपान, बच्चों के सेहत और सुपोषण में सुधार आदि के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डॉ कन्नौजे ने जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में इलाज और व्यवस्था की सराहना की।

### राज्य भंडार गृह निगम के भूमि में अवैध कब्जा

**पुसौर।** निगम शाखा औरदा के अधीन लगभग 5 एकड़ अन्य भूमि है जिसका तहसील न्यायालय पुसौर द्वारा सीमांकन भी कराया जा चुका है और वहां गोदाम बनाया जाना है। निगम के उक्त भूमि में कुछ ग्रामीणों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया जाकर वहां मंदिर व मकान आदि बना लिया गया है और कुछ लोग वहां दुकान संचालित कर रहे हैं। जहां रोजमर्रा के जरूरत के सामग्री कम और नशीला पदार्थ से जुड़े सामग्री अधिक बिक्री होने की बात कही जाती है। जिससे यह क्षेत्र इन दिनों संवेदनशील हो चुका है। बताया जाता है कि इसे लेकर शाखा प्रबंधक ने जिला मुख्यालय में कई बार सुचनाएं दी है लेकिन उचित कार्रवाई के अभाव में अवैध कब्जा में लगातार विस्तार होने लगा है। जिन लोगों द्वारा अवैध कब्जा किया गया है उन्हें मौखिक रूप से कई बार यह अवगत कराया गया, लेकिन किसी ने माना नहीं। ज्ञात हो कि शासन द्वारा प्रतिवर्ष धान खरीदी करते हुए उसका चावल बनाया जा रहा है जिसे भंडारण करने के लिए गोदामों की कमी हो रही है।

### बांसउरकुली में रामकथा का आयोजन

**बिलाईगढ़।** अनुभाग मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत बांसउरकुली के सड़क पारा में राम नवमी के पावन अवसर पर एक दिवसीय संगीतमयी रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन कॉलेज रोड स्थित हनुमान मंदिर परिसर में श्रीराम जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में शनिवार, 21 मार्च को संपन्न होगा। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर लगभग 1 बजे से 2 बजे तक विधिवत गौरी गणपति पूजन के साथ होगी, जिसमें पंडित बद्री प्रसाद दुबे द्वारा पूजन सम्पन्न कराया जाएगा। इसके पश्चात पंडित दुबे द्वारा रामकथा का संगीतमय गायन एवं प्रवचन प्रस्तुत किया जाएगा।

## पृष्ठ 1 का शेष

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ...

अवश्य करें। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों की बेहतर देखभाल एवं सभी एक्टिविटी सुचारू रूप से संचालित करने हेतु प्रोत्साहित करें। पूरक पोषण आहार नियमित रूप से बच्चों और माताओं को उपलब्ध कराएं। इस दौरान बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्री हरिओम द्विवेदी, सीएमएचओ डॉ जी एस जात्रा, सिविल सर्जन, सभी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, कॉर्डिनेटर एवं पीएचसी- सीएचसी के चिकित्साधिकारीगण सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के सीडीपीओ मौजूद रहे।

### अवैध उत्खनन ...

दुबे, निवासी ग्राम कुमोरंगा, तहसील रामचन्द्रपुर, जिला बलरामपुर से आवश्यक वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु कहा गया, किन्तु चालक द्वारा कोई भी वैध अनुमति अथवा अभिलेख प्रस्तुत नहीं गया। पूछताछ के दौरान चालक द्वारा बताया गया कि वह विजय प्रजापति आ. विष्णु प्रसाद प्रजापति, निवासी सोहागपुर, जिला शहडोल (मप्र) के निर्देश पर एयरटेल पाइपलाइन बिछाने हेतु खुदाई कार्य किया जा रहा था। चालक के अनुसार लगभग 67 मीटर लंबाई, 1.70 मीटर गहराई एवं 2 मीटर चौड़ाई में खुदाई कार्य किया गया था, तथापि, स्थल पर किसी भी प्रकार की सक्षम अनुमति या वैधानिक स्वीकृति उपलब्ध नहीं पाई गई, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि कार्य पूर्णतः अवैध रूप से किया जा रहा था। जांच के दौरान जे.सी.बी. मशीन के स्वामी विकास जायसवाल आ. भगवानदीन जायसवाल, निवासी अम्बिकापुर, जिला सरगुजा का होना पाया गया। वन विभाग द्वारा जेसीबी मशीन को जप्त कर बगीचा निस्तार डिपो में सुरक्षित रखा गया है। साथ ही अवैध उत्खनन एवं इससे वनभूमि एवं जैव विविधता को हुई क्षति को दृष्टिगत रखते हुए संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

### जिले में 19 मार्च को पुसौर और 20 मार्च को छाल में जनसमस्या निवारण शिविर

# विभिन्न योजनाओं की कलेक्टर ने की समीक्षा समय पर काम पूरा करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने जनदर्शनए जनसमस्या निवारण शिविर, पीजीएन और पीजी पोर्टल में दर्ज प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि सभी का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिक संख्या में लंबित प्रकरण वाले संबंधित विभागीय अधिकारियों के प्रति नाराजगी भी व्यक्त की और शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अधोसंरचना विकास से जुड़े आवेदनों, विशेषकर सड़क निर्माण एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के प्रस्तावों पर गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव तैयार करते समय क्षेत्र की वास्तविक आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जाए तथा व्यावहारिक एवं प्रभावी समाधान प्रस्तुत किए जाएं। कलेक्टर ने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए 19 मार्च को पुसौर तथा 20 मार्च को विकासखंड धरमजयगढ़ अंतर्गत छाल में तहसील स्तर पर दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें आमजन अपनी शिकायतेंए मांग और आवेदन सीधे प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे। उन्होंने अधिकारियों को शिविरों में पेयजल, छाया, बैठने की व्यवस्था सहित सभी जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। कलेक्टर ने कहा कि भारतीय थल सेना की अग्निवीर भर्ती में जिले के अधिक से अधिक पात्र युवाओं का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए।


अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

उन्होंने अधिकारियों को इसके लिए व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए, ताकि कोई भी इच्छुक युवा इस अवसर से वंचित न रहे। इच्छुक अभ्यर्थी 1 अप्रैल 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बैठक में कलेक्टर ने जल संचय एवं जन भागीदारी पोर्टल की प्रगति, ईएसआईसी अस्पताल की सुविधाएं, औद्योगिक श्रमिकों की स्वास्थ्य जांच, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, पेरोल प्रकरणों का समय पर निराकरण, जेल में बंदियों को विधिक सहायता, भू-अभिलेखों का अद्यतन, एफआर, नामांतरण, पीएम गतिशक्ति योजना, आयुष्मान कार्ड, आंगनबाड़ी में बच्चों का पंजीयन, धान उठाव, बालिका शौचालय निर्माण, जल जीवन मिशन, पीएम किसान योजना के सत्यापन, ट्रांसजेंडर पहचान प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, ई आफिस ऑनबोर्डिंग और मोबाइल टावर स्थापना जैसे विषयों पर विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ रायगढ़ अरविंद पीएम, जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे, सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी, नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय, अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो, डॉ. प्रियंका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर राकेश गोलछा, श्रीमती पूजा बंसल, डिप्टी कलेक्टर धनराज मरकाम सहित सभी अनुविभागों के एसडीएम एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# साहू समाज ने श्रद्धापूर्वक मनाई माता कर्मा जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

नगर के श्रीबालाजी मंदिर में तेली साहू समाज के तत्वावधान में मंगलवार को भक्त माता कर्मा की जयंती श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर समाज के लोगों ने एकत्र होकर विधिवत पूजन-अर्चन किया तथा माता कर्मा देवी को नमन करते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। पूजन-अर्चन के उपरांत खिचड़ी प्रसाद का भोग अर्पित किया गया। इसके पश्चात उपस्थित समाजजनों के बीच प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें सभी ने श्रद्धापूर्वक भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में समाज के महिला, पुरुष एवं युवाओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंजता रहा। इस दौरान समाज के वरिष्ठजनों ने माता कर्मा के जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस आयोजन में जिला उपाध्यक्ष शशि साहू, तहसील अध्यक्ष अनुज साहू (मोनू) सहित साहू समाज के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में समाज के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



# बिलासपुर और किरीतमाल में 92 लीटर शराब और 200 किलो लाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने भूपदेवपुर व थाना क्षेत्र के बिलासपुर, किरीतमाल में 92 लीटर महुआ शराब और लगभग 200 क्विंटल लाहन बरामद किया गया। सहायक आयुक्त आबकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि भूपदेवपुर पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज किए हैं।




पुलिस ने ग्राम किरीतमाल निवासी श्रवण कुमार लहरे 43 वर्ष से 7 लीटर महुआ शराब जब्त कर मामला दर्ज किया है। इसी तरह मालती बाई डनसेना, निवासी किरीतमाल से भी 7 लीटर महुआ शराब बरामद कर प्रकरण कायम किया गया। वहीं ग्राम बिलासपुर निवासी संतोषी चौहान 38 के पास से भी 7 लीटर महुआ शराब जब्त कर प्रकरण के तहत मामला दर्ज किया गया है। आबकारी विभाग की टीम ने भी क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए कई मामलों में प्रकरण कायम किए हैं। ग्राम-बिलासपुर निवासी मुनु चौहान 30 से 6.500 लीटर महुआ शराब जब्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत वृत्त खरसिया में प्रकरण दर्ज किया गया। इसी प्रकार किरीतमाल निवासी रमेश लहरे 22 से 3 लीटर तथा मोंगरा बाई लहरे 70 वर्ष से 2 लीटर महुआ शराब जब्त कर धारा 34(1)(क) के तहत क्रमशः प्रकरण कायम किए गए। इसके अलावा ग्राम किरीतमाल में कार्रवाई के दौरान 60 लीटर महुआ शराब और लगभग 200 किलोग्राम महुआ लाहन भी बरामद किया गया।

### विश्वनाथ बने मंत्री, अंचल के कार्यकर्ताओं में खुशी



**कोसीर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन, पवन साय के मार्गदर्शन एवं भाजपा संभाग प्रभारी रामू रोहरा एवं जिला प्रभारी शंकर अग्रवाल के निर्देशानुसार व भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष डॉ सनम जांगडे व भाजपा जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ अध्यक्ष ज्योतिलाल पटेल के अनुशंसा से अनुसूचित जाति मोर्चा सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिलाध्यक्ष देवेन्द्र रात्रे द्वारा जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की गई। भाजपा पार्टी को मजबूत करने और संगठन को सक्रिय करते हुए संगठन में नए रूप से जिम्मेदारी दी गई है। वहीं सारंगढ़ अंचल के विश्वनाथ बसंत को अनुसूचित जाति मोर्चा संगठन में मंत्री बनाया गया है।

# मिंज के नेतृत्व में विस घेराव में कार्यकर्ता हुए शामिल

**जशपुरनगर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर छत्तीसगढ़ में 'मनरेगा बचाओ संग्राम'के तहत राजधानी रायपुर में विधानसभा घेराव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिन पायलट ने की, जबकि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में यह आंदोलन संपन्न हुआ।इस दौरान गैस सिलेंडर की बढ़ती समस्या, प्रदेश में फैलते नशे के कारोबार और अफीम की खेती जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।





जिला कांग्रेस कमेटी जशपुर के अध्यक्ष यूडी मिंज के नेतृत्व में कांसाबेल, पत्थलगांव, कुनकुरी, जशपुर और बगीचा सहित सभी ब्लॉकों से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता एवं नेता रायपुर पहुंचे और विधानसभा घेराव में भाग लिया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए जनमानस, संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार किया और जनहित के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया।नेताओं ने कहा कि विशाल जनसमूह, युवाओं का जोश और जनता का आक्रोश इस बात का स्पष्ट संकेत है कि प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी विधानसभा चुनाव 2028 में छत्तीसगढ़ में पुनः कांग्रेस की सरकार बनेगी।

# बिलाईगढ़ में अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन

**बिलाईगढ़।** मां समलाई की पावन धरा बिलाईगढ़ में आयोजित अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इंदिरा मार्केट में सोमवार 16 मार्च को आयोजित इस भव्य कवि सम्मेलन में देर रात तक हास्य और व्यंग्य की रंगारंग प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।




कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। मंच संचालन बंशीधर मिश्रा द्वारा किया गयाए जिन्होंने अपने रोचक अंदाज से पूरे कार्यक्रम को जीवंत बनाए रखा। कवि सम्मेलन में देश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रसिद्ध कवियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां दीं। वीर रस के कवि योगेश सिंह चौहान लखनऊ ने ओजपूर्ण रचनाओं से देशभक्ति का जज्बा जगाया, वहीं प्रियंका मिश्रा कटनी ने श्रृंगार रस की कविताओं से श्रोताओं का दिल जीता। हास्य कवियों में शशिभूषण स्नेही, मयंक शर्मा, दाता दिवाना, विनोद विक्रम, रेशम लाल देवांगन एवं रंजीत देवांगन ने अपनी चुटीली रचनाओं से उपस्थित जनसमूह को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे और देर रात तक कविताओं का आनंद लेते रहे। आयोजन स्थल पर उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला जहां हर प्रस्तुति पर श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से कवियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन बिलाईगढ़ रॉयल्स ग्रुप द्वारा किया गया।

### अब जनजाति परिवार सुरक्षित और सुखद जीवन कर रहे व्यतीत

# पक्का मकान मिलने से विशेष पिछड़ी जनजातियों के जीवन में आ रहा बदलाव

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा और बिरहोर परिवारों के लोगों की चेहरे में खुशी और जीवन में सुकून देखने को मिल रहा है। साय के सुशासन में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से विशेष पिछड़ी जनजाति के पात्र हितग्राहियों को पीएम जनमन आवास मिल रहा है। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में जशपुर जिले में आर्थिक रूप से कमजोर विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों का स्वयं के पक्के मकान का सपना पूरा हो रहा है और उनके परिवारिक जीवन में बदलाव आ रहा है। विशेष पिछड़ी जनजातियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पीएम जनमन का लाभ दूरस्थ अंचलों में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य वाले इलाकों के लोगों तक योजना का लाभ दिया जा रहा है। इसी कड़ी में मनोरा विकासखण्ड के दूरस्थ क्षेत्र कदरना में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के किसनी बाई और अरविन्द राम को पीएम जनमन आवास योजना लाभ जिला प्रशासन के प्रयासों से मिला है। इसी प्रकार कली बाई को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत योजना से पक्का आवास मिला है।



# त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने बनी सहमति



**जशपुरनगर।** आगामी दिनों में पड़ने वाले प्रमुख धार्मिक त्योहारों हिंदू नव वर्ष, ईद, रामनवमी एवं गुड फ्राइडे को देखते हुए थाना कुनकुरी में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों एवं सामाजिक जनों ने भाग लेकर त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का संकल्प लिया।

बैठक की अध्यक्षता एसडीएम कुनकुरी नंद पांडे एवं एसडीओपी विनोद मांडवी ने की। इस दौरान नगर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने, डीजे एवं साउंड सिस्टम पर नियंत्रण रखने तथा धार्मिक आयोजनों के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में सनातन धर्म समिति की ओर से राधेश्याम जिंदल, राकेश सिंह,विष्णु सोनी, दीपक हेडा, विवेक बजाज, मनीष हेडा, पारस साहू और नीरज गुप्ता उपस्थित रहे। वहीं मुस्लिम समाज से सदर आशिक साहब और ताहिर अली, तथा ईसाई समाज की ओर से दीपक केरकेट्टा सहित कई सामाजिक लोग मौजूद रहे। नगर पंचायत की ओर से अध्यक्ष विनयशील बैठक में उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर नगर में सभी धर्मों के प्रमुख त्योहारों को शांति और भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय लिया। बैठक में जानकारी दी गई कि हिंदू नव वर्ष के अवसर पर गुरुवार सुबह 6 बजे सनातन धर्म शिव मंदिर परिसर कुनकुरी से प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। इस दौरान ट्रैफिक एवं साउंड व्यवस्था को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। इसी तरह ईद के अवसर पर 20 या 21 मार्च को चांद दिखने के बाद ईदगाह में नमाज अदा की जाएगी।

इस दौरान यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्था करने की बात कही गई। वहीं मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि ताहिर अली ने आजाद मोहल्ला और वार्ड क्रमांक 10 में साफ-सफाई कराने का अनुरोध एसडीएम से किया, जिस पर एसडीएम ने नगर पंचायत को स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई कराने के निर्देश दिए। आगामी 27 मार्च को रामनवमी के अवसर पर आसपास के 20 से अधिक गांवों से श्रद्धालु सनातन धर्म समिति परिसर में एकत्रित होंगे। राम जन्मोत्सव के बाद कुनकुरी नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसके लिए रूट भी निर्धारित किया गया तथा आयोजन से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी समिति द्वारा पुलिस प्रशासन को दी गई। बैठक के अंत में पुलिस प्रशासन ने उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी त्योहारों के दौरान प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा, ताकि नगर में शांति, भाईचारा और सौहार्द का वातावरण बना रहे।



# महापौर ने किया सीसी रोड का निरीक्षण

**रायगढ़।** वार्ड क्रमांक 14 बैकुंठपुर महावीर चौक गली में एमआईसी सदस्यों के साथ निर्माणाधीन सीसी रोड का निरीक्षण करने पहुंचे महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा मोहल्लेवासियों की शिकायत पर जांच के दौरान कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाई गई। संबंधित इंजीनियर को कार्य सुधारे जाने संबंधी निर्देश दिए गए। संबंधित ठेकेदार पर विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने की बात भी कही। वित्तमंत्री ओपी चौधरी की मंशा का जिक्र करते हुए महापौर ने कहा विकास कार्यों की गुणवत्ता में समझौता स्वीकार्य नहीं है। जनता को गुणवत्तापूर्ण और टिकाऊ पुर सुविधाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है।

